Std -3 ( Hindi Lit.)

किसान और कुम्हार

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:-

1. विजयपाल कहाँ रहता था?

उत्तर:- विजयपाल एक गाँव में रहता था।

2. विजयपाल ने राधा का विवाह किससे किया?

उत्तर:- विजयपाल ने राधा का विवाह एक कुम्हार से किया।

3. दिव्या किस बात को लेकर दुखी थी?

उत्तर:- दिव्या बारिश न होने की वजह से दुखी थी। क्योंकि बारिश न होने से फ़सल नष्ट हो रही थी।

4. इस पाठ का दूसरा शीर्षक बताइए।

उत्तर:- इस पाठ का दूसरा शीर्षक 'दुविधा' हो सकता है।

5. विजयपाल की पुत्रियों के नाम लिखिए।

उत्तर:- विजयपाल की पुत्रियों के नाम ,दिव्या और राधा थे।

6. विजयपाल ने दिव्या का विवाह किससे किया?

उत्तर:- विजयपाल ने दिव्या का विवाह एक किसान से किया।

7. राधा और उसका कुम्हार पति क्यों खुश थे?

उत्तर:- राधा और उसका कुम्हार पति इसलिए खुश थे क्योंकि धूप बहुत तेज़ हो रही थी, जिससे मिट्टी के बर्तन जल्दी सूख रहे थे।

8. खेती के लिए किन-किन चीज़ों की ज़रूरत होती है?

उत्तर:- खेती के लिए बीज, हल, खाद, सिंचाई के लिए पानी तथा धूप की ज़रूरत होती है।

भाषा संसार:--

प्रश्न1- समान अर्थ वाले शब्दों को लिखिए–

सुता - बेटी, पुत्री।

पिता - जनक, पितृ।

परमात्मा - ईश्वर, भगवान।

वृष्टि - वर्षा, बरसात।

ब्याह - शादी, विवाह।

प्रश्न 2--इन वाक्यों में से क्रिया शब्द चुनकर उनके आगे लिखिए–

१.कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाता है। :- बनाता है

२.किसान खेती करता है। :- खेती करता है

३.दोनों बेटियाँ सुख से रहने लगीं। :- रहने लगीं

४.मैं अब घर वापस जा रहा हूँ। :- जा रहा हूँ

प्रश्न 3 . उल्टे अर्थवाले शब्द लिखें-

पिता - माता

बेटी - बेटा

पति - पत्नी

दूल्हा - दुल्हन

सुख - दुख

गाँव - शहर

कठिन - सरल

खर्च - जमा